राजस्थान पत्रिका

ऐश्वर्या कॉलेज में संविधान दिवस पर समारोह का आयोजन

जोधपुर. संविधान दिवस के अवसर पर ऐश्वर्या कॉलेज में समारोह का आयोजन किया गया। चैयरमेन भूपेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि मुख्य अतिथि जोधपुर महानगर न्यायालय की अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रैना शर्मा तथा मुख्य वक्ता के रूप मे नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की सहायक प्रोफेसर डॉ. अंजलि थानवी ने शिरकत की। विद्यार्थियों को संविधान दिवस की महत्ता से रूबरू कराया। प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने बताया कि विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। नवीन जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. एमआरके शेरवानी, डॉ. जसवन्त शर्मा, सभी फैकल्टी एवं स्टाफ उपस्थित थे। संचालन सहायक प्रोफेसर बसन्त कल्ला ने किया।